चेकलिस्ट एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज

प्लंबर

प्रख्यात कंपनी के साथ जुड़ें

यदि आप अच्छी साख वाली किसी प्रख्यात कंपनी का हिस्सा हैं तो ग्राहक आपमें ज्यादा भरोसा दिखाते हैं।

सिफारिश करने को कहें

प्रचार किसी व्यवसाय को मजबूत बनाने का श्रेष्ठ तरीका है, इसलिए अपने ग्राहक से दूसरों के साथ भी अपना नाम साझा करने को कहें।

अच्छी कार्य अनुभव

ग्राहक सामान्य तौर पर ऐसे प्लंबर को पसंद करते हैं जिसे कई वर्षों का अनुभव हासिल हो और उसकी अच्छी ख्याति हो।

जंग के लिए सभी दिखने वाले पाइपों की जांच करें

यदि आप पाइप पर जंग के निशान देखते हैं तो उसके जल्द लीक होने की आशंका रहती है। इसलिए सभी पाइपों की जांच जरूरी हो जाती है।

लीक की समस्या जांचें

यदि आपएक लीक की मरम्मत कर रहे हैं, तो बेहतर है कि आप अन्य लीक या वाटर डैमेज के किसी संकेत पर भी ध्यान दें।

टॉयलेट टैंक की जांच करें

टॉयलेट टैंक का ढक्कन हटाएं और बहाव के किसी संकेत की जांच करें और ग्राहक को बताएं कि उसे इस पर किस तरह से नियमित रूप से नजर रखनी चाहिए।

पूरी जांच के बाद खर्च बताएं

कार्य की पूरी तरह से जांच–पड़ताल से पहले लागत न बताएं, अन्यथा आप ग्राहक का विश्वास खो सकते हैं।